राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

कुलाधिपति से कुलपति मिले

जयपुर, 30 सितम्बर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में पषु चिकित्सा एवं पषु विज्ञान विष्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विष्णु षर्मा ने षिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से एन सी सी के उप महानिदेषक एयर कमोडोर श्री कृष्णा सामी भी मिले। राज्यपाल से उत्तर पष्चिम रेल्वे के महाप्रंबधक श्री आनन्द प्रकाष ने षिष्टाचार मुलाकात की।

———

सैनिक की शहादत पर राज्यपाल का सलाम

जयपुर, 30 सितम्बर। जम्मू कष्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए देष की सुरक्षा के लिए कुर्बान होने वाले जवान नायक राजेन्द्र सिंह की शहादत पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सलाम किया है।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेष्वर से प्रार्थना की है।

———

श्री सुबीर कुमार ने कार्यभार संभाला, श्री देबाशीष पृष्टि को विदाई

जयपुर, 30 सितम्बर। श्री सुबीर कुमार ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल के सचिव पद का कार्यभार संभाला। राजभवन में आयोजित एक सादा समारोह में श्री देबाशीष पृष्टि को विदाई दी गई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में राजभवन के अधिकारीगण मौजूद थे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल